# MAHARAJ VINAYAK GLOBAL UNIVERSITY, JAIPUR

# Department of Education

**DETAILED REPORT**
**of**

**COMMUNITY PROMOTIONAL ACTIVITIES**
**Academic Session: 2024-25**

**(1st July, 2024 to 30th June, 2025)**


**Maharaj Vinayak Global University, Jaipur**
Dhand, Tehsil- Amer, Jaipur-Delhi National Highway No. -11C, Distt. - Jaipur (Rajasthan)- India-302028


REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

# Detailed Index of Community Promotional Activity Report

# Academic Session 2024-25



| S. No. | Particular | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | Brief Report of the Community Promotional Activity | 3-22 |



REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

**Registrar**

REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

MAHARAJ VINAYAK GLOBAL UNIVERSITY

# Brief Report of the Community Promotional Activity

REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

# Community Promotional Activities

**लक्ष्यः–**

समाज का समग्र विकास।

**Aim:**

Development of whole Society.

**दृष्टि :–**

समाज में लिंग, जाति, वर्ग में भेद के बिना सम्पूर्ण समाज में सभी के लिए समान अवसर पैदा करना व उपलब्धता सुनिश्चित करवाना।

**Vision:**

Without considering cast, creed and gender, spreading equal opportunity and facility in uniform manner in whole society.

**विशेष उददेश्य :–**

सम्पूर्ण समाज में शिक्षा का बढ़ावा देना, गरीबी का उन्नमूलन, सभी के लिए रोजगार प्रेरक प्रशिक्षक व आधारभूत संरचना के निर्माण में सहयोग करना।

**Unique Object:**

To create and expand the importance of education, removal of poverty, training assistance for employability and to build basic infrastructure for development in the society.

**मूल्य और सिद्धांत :–**

कुछ मूल्य और सिद्धान्तों को आदर्श मानव मात्र संस्थान में शामिल किया गया जो प्रेरणा शक्ति के रूप में कार्य करते है, जो निम्नलिखित है :–

- नशा मुक्त समाज निर्माण
- वृद्धजन जन कल्याण कार्य
- मंदबुद्धि, अनाथ व अपाहिजों हेतु कल्याण कार्य
- गरीबों के साथ सहानुभूति
- स्वस्थ समाज का निर्माण
- शिक्षा
- कन्या भ्रूण रोकथाम
- पर्यावरण संवर्धन
- सडक सुरक्षा जागृति

REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

**Values and Principles:**

Following are the moral values and principles which play a vital role for strengthening work power:

- To build De-addicted/Addiction free society.
- Senior Citizen /Old-aged person social welfare programme.
- Welfare Work for Intellectual Disabilities, Orphans and Disabled persons.
- Sympathy with poor people.
- To build healthy society.
- To spread education in society.
- To stop abortion for girl child in society.
- To protect environmental conditions.
- To create awareness for road safety.

**रूझानिक क्षेत्र :–**

हालांकि संस्था ने किसी भी विकास गतिविधि में कोई सीमा नही बांधी है तथा निम्नलिखित पर अधिक प्रयास किये है :–

- महिला सशक्तिकरण एवं आत्म निर्भरता
- कन्या भ्रूण हत्या रोकने हेतु जागृति
- निःशुल्क शिक्षण प्रशिक्षण
- कौशल निर्माण
- स्वास्थ्य एवं सफाई
- वृद्धजन, अनाथ, मंदबुद्धि व अपाहिजों हेतु कल्याण कार्य
- नशा मुक्ति जागरूकता
- शिक्षा के प्रति जागरुकता
- सड़क सुरक्षा जागृति कार्यक्रम

**Attractive Area:**

As there is no limitation or restriction for development activities in the institute but we have more focus on the followings:

- Women Empowerment and Self Dependency
- Awareness regarding prevention and protection of female Fetus
- Free Educational Training
- Skills Development
- Health and Cleanliness
- Welfare Work for Senior Citizen, Orphan, Intellectual Disabilities and Disabled
- Awareness regarding drug and addiction.
- Awareness towards Education
- Awareness Programme for Road Safety

REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

**गतिविधियां :–**

1. निःशुल्क चिकित्सा कैम्प
2. सड़क सुरक्षा जागृति हेतु पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन
3. सड़क सुरक्षा नियमों हेतु कार्यशाला का आयोजन
4. निर्धन बस्ती में स्वेटर वितरण कार्यक्रम
5. व्यसन मुक्ति जागरूकता कार्यकम
6. गरीब मजदूर परिवारों को निःशुल्क राशन वितरण
7. नशा मुक्ति जाग्रृति संवाद कार्यक्रम
8. पर्यावरण दिवस पर पौधारोपन कार्यक्रम
9. निःशुल्क दवाईयाँ वितरण
10. नशा मुक्ति शिविर का आयोजन
11. नशा मुक्ति जागृति पर पोस्टर पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन
12. विघालयों, महाविधालयों, कोचिंग संस्थानों में नशा मुक्ति जागृति कार्यशालाओं ईनामी प्रतियोगिताओं व शपथ ग्रहण का कार्यकम का आयोजन

**Activities:**

1. To organize free Medical Camp
2. To organize Poster Making Competition regarding Road Safety Rules
3. To organize Workshop regarding Road Safety Rules
4. To organize different camps for distribution of Winter Cloths in Slum Area
5. To organize awareness Programme on smoke Free
6. Free distribution of Grocery to the families of poor labour
7. Awareness Programme on Nasha Mukti
8. Tree Plantation programme on the eve of Environment Day
9. Free Distribution of Medicine
10. To Organize Nasha Mukti Camps
11. To Organize Poster Making Competition for awareness of De-addiction
12. To Organize Awareness Camps and Workshops relating to De-addiction Programme with Awards and Oath Ceremony

REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

## 1. निःशुल्क चिकित्सा कैम्प :–

समिति द्वारा एक निःशुल्क खून जांच कैम्प आयोजन किया गया। जिसमें शूगर, कालोस्ट्राल, ब्लड ग्रुप, एच. बी. आदि सामान्य रक्त जांच करके बल्ड डोनेशन (रक्तदान) करने वाले इच्छुक व्यक्तियों का एक रजिस्टर संधारण किया गया व प्रत्येक व्यक्ति रोगी को उसके रक्त ग्रुप का कार्ड बना के दिया गया। जिसमें वो आवश्यकता होने पर रक्तदान कर सकें।

**Free Medical Camps:**

Free Medical Camp was organized by the Society for Blood Testing. In which blood Sugar, Cholesterol, Blood Group, H.B. etc. tests were takes place of the people, a register is also prepared for all those who are willing to donate their blood and a blood donation card is issued to all those who donated their blood, so that he/she may donate their blood as and when required.

# जमवारामगढ़ के माथासूला में आयोजित हुआ निःशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर

**डॉ. विकास जैफ फाउंडेशन की पहल, जयपुर डेंटल कॉलेज की विशेषज्ञ टीम ने दी सेवाएं**

तेवर टाइम्स



**जमवारामगढ़/विकास शर्मा।** जमवारामगढ़ क्षेत्र के माथासूला स्थित बस स्टैंड के पास मंगलवार को डॉ. विकास जैफ फाउंडेशन के तत्वावधान में एक दिवसीय निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 153 मरीजों का जांच एवं उपचार किया गया। इस शिविर का आयोजन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विकास जैफ के निर्देशन में किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण अंचल के लोगों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करना रहा। शिविर में जयपुर डेंटल कॉलेज से आई वरिष्ठ व अनुभवी दन्त चिकित्सकों की टीम ने मरीजों को निशुल्क सेवाएं दीं। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित हुआ। शिविर में दांतों की सफाई (स्केलिंग), दांतों में मसाला भराई (फिलिंग), हिलते हुए या सड़ चुके दांतों की निकालने की प्रक्रिया (एक्सट्रैक्शन) जैसी सुविधाएं विशेष रूप से उपलब्ध करवाई गईं। इसके साथ ही फाउंडेशन द्वारा फिजियोथेरेपी एवं आक्यूपेशनल थैरेपी जैसी आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों की सेवाएं भी निशुल्क प्रदान की गईं, जिससे ग्रामीण जनों को समग्र स्वास्थ्य लाभ मिल सका।फाउंडेशन की टीम ने शिविर में आए प्रत्येक मरीज की समस्या को गंभीरता से सुना और उन्हें उचित सलाह, उपचार एवं आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध करवाईं। ग्रामीणों ने शिविर को लेकर विशेष उत्साह दिखाया और बड़ी संख्या में अपनी जांच एवं इलाज करवाया। कई मरीजों ने कहा कि गांव के पास डॉ. विकास जैफ द्वारा इस तरह की चिकित्सा सुविधा दिलाना उनके लिए बड़ी राहत है, क्योंकि शहर जाकर इलाज करवाना समय और धन दोनों की दृष्टि से कठिन होता है। स्थानीय ग्रामीणों ने फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की और आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. मनोहर भट्ट, डॉ. अनूप, डॉ. योगेश यादव,डॉ. स्वस्ति ताम्बी, बीएल शर्मा,कैप्टन वीएस राघव घनश्याम शर्मा, प्रहलाद योगी, मुकेश यादव, कालूराम मीना सहित जयपुर डेंटल कॉलेज की विशेषज्ञ टीम एवं ग्रामीणजन मौजूद रहें। ग्रामीणों ने इस शिविर की काफी सराहना की ।

REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

प्रादेशिक
जयपुर, बुधवार 23 अप्रैल, 2025
2

# माथासूला में आयोजित हुआ निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर, 153 मरीजों को मिला उपचार

## डॉ. विकास जैफ फाउंडेशन की पहल, जयपुर डेंटल कॉलेज की विशेषज्ञ टीम ने दी सेवाएं

भानपुर कलां

माथासूला स्थित बस स्टैंड के पास मंगलवार को डॉ. विकास जैफ फाउंडेशन के तत्वावधान में एक दिवसीय निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 153 मरीजों का जांच एवं उपचार किया गया। इस शिविर का आयोजन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विकास जैफ के निर्देशन में किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण अंचल के लोगों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करना रहा। शिविर में जयपुर डेंटल कॉलेज से आई वरिष्ठ व अनुभवी दन्त चिकित्सकों की टीम ने मरीजों को निशुल्क सेवाएं दीं। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित हुआ।






शिविर में दांतों की सफाई (स्केलिंग), दांतों में मसाला भराई (फिलिंग), हिलते हुए या सड़ चुके दांतों की निकालने की प्रक्रिया (एक्सट्रैक्शन) जैसी सुविधाएं विशेष रूप से उपलब्ध करवाई गईं। इसके साथ ही फाउंडेशन द्वारा फिजियोथेरेपी एवं आक्यूपेशनल थैरेपी जैसी आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों की सेवाएं भी निशुल्क प्रदान की गईं, जिससे ग्रामीण जनों को समग्र स्वास्थ्य लाभ मिल सका।फाउंडेशन की टीम ने शिविर में आए प्रत्येक मरीज की समस्या को गंभीरता से सुना और उन्हें उचित सलाह, उपचार एवं आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध करवाईं। ग्रामीणों ने शिविर को लेकर विशेष उत्साह दिखाया और बड़ी संख्या में अपनी जांच एवं इलाज करवाया। कई मरीजों ने कहा कि गांव के पास डा. विकास जैफ द्वारा इस तरह की चिकित्सा सुविधा दिलाना उनके लिए बड़ी राहत है, क्योंकि शहर जाकर इलाज करवाना समय और धन दोनों की दृष्टि से कठिन होता है। स्थानीय ग्रामीणों ने फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की और आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. मनोहर भट्ट, डॉ. योगेश यादव, डॉ. अनूप, डॉ. स्वस्ति ताम्बी,कैप्टन वीएस राघव, बीएल शर्मा, घनश्याम शर्मा, मुकेश यादव, प्रहलाद योगी, कालूराम मीना सहित जयपुर डेंटल कॉलेज की विशेषज्ञ टीम एवं ग्रामीणजन मौजूद रहें।

# एक दिवसीय निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर आयोजित

मानपुरा माचेडी । स्वस्थ समाज के निर्माण में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और ग्रामीण अंचलों तक इनकी पहुंच बनाना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को लेकर डॉ. विकास जैफ फाउंडेशन द्वारा बुधवार को नांगल मोड़ कुंडा-आमेर स्थित सनफ्लॉवर एकेडमी स्कूल एवं राजस्थान आईटीआई कॉलेज परिसर में बुधवार को एक दिवसीय निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 525 मरीजों की जांच और उपचार किया गया। इस शिविर का आयोजन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विकास जैफ के निर्देशन में किया गया, जिसका मूल उद्देश्य शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दन्त चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना रहा। शिविर में जयपुर डेंटल कॉलेज से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में मरीजों को दांतों की सफाई (स्केलिंग), दांतों की भराई (फिलिंग), दांत निकालना (एक्सट्रैक्शन) जैसी प्रमुख सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं। इसके अलावा, फिजियोथेरेपी और आक्यूपेशनल थैरेपी जैसी आधुनिक चिकित्सा पद्धितयों की सुविधाएं भी निःशुल्क दी गई, जिससे लोगों को समग्र स्वास्थ्य लाभ मिला। फाउंडेशन की टीम ने प्रत्येक मरीज की समस्याओं को गंभीरता से समझा और उन्हें निःशुल्क उपचार, परामर्श और आवश्यक दवाइयां प्रदान कीं। कॉलेज निदेशक अशोक डोई ने बताया कि शिविर को लेकर अत्यंत उत्साह दिखाया और कहा कि शहर व गांव के समीप इस तरह की स्वास्थ्य सुविधा मिलना अत्यंत राहत देने वाला अनुभव है।

REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

पत्रिका

## नांगल मोड़ कुंडा में आयोजन

# नि :शुल्क दन्त चिकित्सा शिविर में 525 मरीजों को लाभ



नांगल मोड़ कुंडा में आयोजित नि:शुल्क शिविर में जांच कराते विद्यार्थी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आमेर.** नांगल मोड़ कुंडा में एक दिवसीय नि:शुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन बुधवार को डॉ. विकास जैफ फाउंडेशन की ओर से किया गया। शिविर में 525 मरीजों की जांच और उपचार किया गया। जयपुर डेंटल कॉलेज से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं प्रदान की। शिविर में मरीजों को दांतों की सफाई, दांतों की भराई (फिलिंग), दांत निकालना (एक्सट्रैक्शन) जैसी प्रमुख सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं। इसके अलावा, फिजियोथेरेपी और आक्यूपेशनल थैरेपी जैसी आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों की सुविधाएं भी नि:शुल्क दी गईं। शिविर में डॉ. मनोहर भट्ट, डॉ. योगेश यादव, डॉ. अनूप, डॉ. स्वस्ति ताम्बी, कैप्टन वीएस राघव, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. उदय, बीएल शर्मा, मुकेश यादव आदि ने सहयोग किया।

01/05/2025 | Kotputli | Page : 14
Source : https://epaper.patrika.com/



REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

## 2. सड़क सुरक्षा नियमों हेतु कार्यशाला का आयोजन :–

बढती सड़क दुर्घटनाओं व युवाओं को सड़क यातायात के नियमों व यातायात कानून की जानकारी देने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। क्षेत्र व उच्च माध्यमिक विधालयों, महाविधालयों, कोचिंग संस्थानों, कम्प्यूटर प्रशिक्षण संस्थान में कार्यशालाओं का आयोजन करके विधार्थियों को सड़क नियमों की जानकारी प्रदान करने व नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया। सड़क यातायात नियमों व संकेतो के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविरों का आयोजन कर युवाओं को यातायात नियमों कि पालना के लिए प्रेरित किया गया यातायात नियमों, यातायात संकेतो व मोटर व्हीकल एक्ट कानूनी प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं को पुरुस्कार स्वरूप स्टेण्डर्ड हेलमेट भेंट किये गये।

**Organized Workshop on Road Safety Rules:**

Due to increase in Road Accidents, to impart the knowledge to the youth about legal provisions and rules of road safety, different workshops were organized at various Places like; Schools, Colleges, Coaching Centers, and Computer Training Institute in which students were imparted the information about road safety rules and to motivate them to follow the road safety rules. Also provided the knowledge related to Road Traffic Rules and Signals and motivated to all youths to imply all road safety rules, road signals and Motor Vehicle Act and provided standard helmets.

# अनुशासन ही जीवन में सफलता की पहली सीढ़ीः डॉ विकास जैफ

गर्वित हिन्दुस्तान

**भानपुर कलां।** दिल्ली रोड स्थित एमवीजीयू में हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में 14 सितम्बर से चल रहे कार्यक्रम में बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ विकास जैफ ने अनुशासन की महत्वता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अनुशासन ही किसी भी व्यक्ति के जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी है। डॉण् जैफ ने अपने संबोधन में कहा कि एक सफल व्यक्ति वही है, जो अपने जीवन में अनुशासन बनाए रखे। उन्होंने स्काउट और गाइड के प्रशिक्षण को एक अनुशासित जीवन जीने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही युवाओं को प्रेरित किया कि वे अपने लक्ष्य की ओर सही दिशा में अग्रसर होने के लिए अनुशासन का पालन करें। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण में उनकी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा और भविष्य में और अधिक ऊँचाइयों को छूने की



शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वाइस चांसलर डॉ मनोहर भट्ट ने कहा कि हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के माध्यम से बच्चों को न केवल जीवन कौशल सिखाए जाते हैं, बल्कि उनके भीतर अनुशासन और कर्तव्यपरायणता की भावना भी विकसित की जाती है। प्राचार्य डॉ विनोद कुमार उपाध्याय के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ जैफ के विचारों का समर्थन करते हुए कहा कि अनुशासन का पालन करना हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपनी जीवन यात्रा में अनुशासन को एक आदत बना लें और जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करें। इस कार्यक्रम ने ना केवल स्काउट और गाइड के प्रशिक्षुओं को प्रेरित किया, बल्कि अनुशासन की महत्वता को भी एक बार फिर उजागर किया। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में 14 सितम्बर से 20 सितम्बर तक कब फ्लॉक लीडर बेसिक कोर्स का जिला ऑर्गनाइजर द्वारा किया जा रहा है। जिसमें शिविर संचालक नकुल मीना के निर्देशन में हो रहा है। इस मौके पर जिला ऑर्गनाइजर रूपेश मीना, अजय कुमावत, रेंजर कल्पना मीना आदि सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

## ३. नशा मुक्ति शिविर व जाग्रति संवाद कार्यकम का आयोजनः–

निकटवर्ती ग्राम पंचायतों में विशाल नशा मुक्ति जांच, उपचार व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायतों के समिति सदस्यों द्वारा नशा मुक्त पंचायत बनाने हेतु वादा किया गया। शिविर में अनेक मरीजों को निःशुल्क जांच कर उचित परामर्श दिया गया व ईलाज हेतु निःशुल्क भर्ती व दवाई आदि प्रदान करने की जानकारी दी गई। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विधालयों में छात्रों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाते हुए नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई व ग्राम पंचायतों व विधालयों कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। वर्तमान में नशा पीड़ितो को उपचार मिलने में आ रही कठिनाईयों को जानने व उनको उपचार उपलब्ध करवाये जाने या ऑनलाईन काउंसलिंग प्रदान करने हेतु समाज के प्रबुद्ध नागरिकों से ऑनलाईन संवाद कार्यकम का आयोजन किया गया व नशा पीड़ितो के बारे में जानकारी प्राप्त कि गई व परामर्श दिया गया।

**Organized a Programme on De-addiction Awareness:**

A programme of de-addiction has organized on this occasion all the members of Gram Panchayat were gathered and taken pledge to make all the villages addiction free Panchayat. In this programme so many patients were treated free of cost and advised properly along with free distribution of medicine. To aware the students in rural areas regarding the demerits of De-addiction and to take the pledge for de-addiction. Workshops on De-addiction programme were also organized in various Gram Panchayat areas and Schools. Presently, lot of difficulties are facing for the treatment of Addicted Victims, to provide them proper treatment or Online Counseling of such victims, a discussion programme with eminent citizens of the society were organized in which information about Addicted Victims were sought and properly advised.

पत्रिका

**नाटक : तंबाकू के दुष्प्रभाव बताए**



**जयपुर @ पत्रिका.** जयपुर डेंटल कॉलेज की ओर से शनिवार सुबह रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल तथा सेंट्रल पार्क में नाटक की प्रस्तुति दी गई। डॉ. अनूप एन. तथा डॉ. स्वस्ति ताम्बी के निर्देशन में हुए नाटक में कलाकारों ने तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव बताए। साथ ही युवाओं को तम्बाकू का इस्तेमाल न करने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. विकास जैफ, डॉ. मनोहर भट्ट, डॉ. वर्षा डेका, डॉ. श्रुति और डॉ. संदीप सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

01/06/2024 | Jaipur City | Page : 10
Source : https://epaper.patrika.com/

REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

**4. गरीब परिवारों को निःशुल्क दवाईयों व राशन वितरण :–**

क्षेत्र के ग्रामीण गरीब, असहाय, एवं विकलांग व्यक्तियों को निःशुल्क दवाईयों का वितरण करने का कार्यकम आयोजित किया गया जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन से सम्पर्क कर निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया । असहाय, गरीब, मजदूर, दैनिक वेतनभोगी आदि परिवारों जिनपर गरीबी वहज से रोजी–रोटी का संकट उत्पन्न हैं ऐसै परिवारों के लिये राशन वितरण की व्यवस्था की गई ऐसे पिछडे व गरीब लोगों की मदद के लिए लगभग 15–20 दिनों के राशन के पैकेट तैयार कर निःशुल्क वितरण किये गये। पैकेट में आटा, दालें, मसाले, तेल, चावल आदि वितरण किये गये।

**Distribution of Free Medicine and Grocery to Poor People:**

In nearby areas a free medicine distribution camps were organized for poor villagers, handicapped and disabled persons with the help of local residential. Camps were arranged for needy, poor, labours and daily wages workers who are unable to earn bread for their daily needs. Food packets contained; wheat, grains, spices, cooking oil, rice etc. with complete Grocery items for a month is distributed.





## 5. पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम :–

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय अग्रसेन वाटिका में समिति सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया व लगाए गये पौधों की बड़े होने तक संभाल करने की शपथ ली गई।




**Tree Plantation Programme on the eve of Environment Day:**

On the eve of world Environment Day in local Agrasen Vatika members of Society had planted trees and pledged for taking care of these trees.




REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur





REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur




REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

# News Items Published in different News Papers

प्रमुख नालों पर अतिक्रमण की नहीं होने से आरटीडीसी का झील चोरी हो रहे हैं। हैं।

## पुस्तकें जीवन में अज्ञान रूपी अंधेरे को मिटाकर ज्ञानरूपी प्रकाश का मार्ग दिखती हैं: डॉ विकास

**एमवीजीयू के लाइब्रेरी विभाग ने मनाया लाइब्रेरी दिवस, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

जमवारामगढ़ (मृदुल पत्रिका)। दिल्ली रोड स्थित महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी के पुस्तकालय विज्ञान विभाग द्वारा सोमवार को लाइब्रेरी दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। यूनिवर्सिटी मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ विकास जैफ ने अपना सन्देश प्रेषित कर छात्रों को लाइब्रेरी की महत्ता समझाते हुए, इसके इस्तेमाल को लेकर प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि पुस्तकें जीवन में अज्ञान रूपी अंधेरे को मिटाकर ज्ञानरूपी प्रकाश का मार्ग दिखती हैं। इसलिए पुस्तकें, पत्र पत्रिकाओं पढ़कर अच्छा ज्ञान अर्जित करें। साथ बरसात के मौसम में सभी विद्यार्थियों को अपने घर आंगन व आसपास पौधा रोपण करने का आह्वान किया।





पुस्तकालय विज्ञान विभाग डीन डॉ अनामिका माथुर ने पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ एसआर रंगनाथन के योगदान की विस्तृत रूप से विद्यार्थियों को जानकारी दी। साथ ही उन्होंने पुस्तकालय विज्ञान के पांच नियम बताए व कोलन क्लासिफिकेशन वर्गीकरण प्रणाली समझाई। इस मौके पर यूनिवर्सिटी वाइस चांसलर डॉ मनोहर भट्ट, रजिस्ट्रार डॉ महेंद्र तिवारी ने भी अपना सम्बोधन में कहा कि पेड़ मानव जीवन का आधार है, इनके बिना जीवन नीरस है। इसलिए पौधा रोपण कर इसकी देखभाल व सारसंभाल पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में डॉ रंगनाथन के जीवन पर व पुस्तकालय विज्ञान के सम्बन्ध में तर्क-वितर्क प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया। इस दौरान लाइब्रेरियन श्यामसुंदर शर्मा, अंजू भटनागर, महेश धोबी, सभी विभागों के प्राचार्य, एम. लिब, बी.लिब., डी.लिब., सी.लिब. के छात्र-छात्राएं व सभी स्टाफ मौजूद थे। कार्यक्रम में पुस्तकालय विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

---

**दैनिक भास्कर** जयपुर जिला शाहपुरा 11-06-2024

## लालाकावाली पौधशाला में 2 लाख 53 हजार पौधे तैयार, एक जुलाई से किए जाएंगे वितरित

भास्कर न्यूज | भाबरू

कस्बे के पास लालाकावाली स्थित पौधशाला में मानसून की तैयारी को लेकर फलदार, फूलदार व छायादार पेड़ों के 2 लाख 53 हजार पौधे तैयार किए है। वनपाल धर्मवीर वाल्मीकि ने बताया कि आंतेला वनपाल नाका एरिया में कुल वन क्षेत्र 3339 हेक्टेयर भूमि में है, जिसमें 100 हेक्टेयर में पौधारोपण किया जाएगा। बताया कि राजकीय पौधशाला में मानसून की तैयारी को लेकर वितरण करने के लिए सभी किस्म के पौधे तैयार किए गए हैं। इनमें फूलदार फलदार व छायादार के 2 लाख 53 हजार पौधे तैयार किए हैं। वनपाल ने बताया कि पौधों को वितरण एक जुलाई से किया जाएगा। 10, 20, 30, 40, 50, 75 रुपए प्रति पौधे के दर से वितरण किए जाएंगे। सरपंच शशिकांत शर्मा ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष औसतन वर्षा से अधिक होने के कारण अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाएगा। सरपंच ने कहा कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक मात्रा में पौधरोपण करना है जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे। आने वाले समय में जिस तरह से पर्यावरण दूषित हो रहा है वह चिंताजनक विषय है। अधिक से अधिक पौधारोपण कर ही दूषित पर्यावरण को रोका जा सकता है।

**10 से 75 रुपए प्रति पौधे की रहेगी दर, सभी किस्मों के पौधे मिलेंगे**



भाबरू | लालाकाली पौधशाला में मानसून के लिए तैयार किए गए पौधे।

---

अधिकारियों से समस्या का स्थाई समाधान करवाने की मांग की है। धुन के साथ निकाला गया। ताजियों के जुलूस में कानून तैनात रहे एवं इस मौके पर मोहरम के जुलूस में हाजी निजाम खान,

## धार्मिक कार्यों से बढ़ता है भाईचारा: समाजसेवी डॉ जैफ



**गठवाड़ी श्री वीर तेजाजी मंदिर परिसर में नवनिर्मित हॉल का किया शिलान्यास, श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा**

जमवारामगढ़ (रतनलाल गुर्जर/ मृदुल पत्रिका)। उपखण्ड क्षेत्र में गठवाड़ी कस्बा स्थित जोहड़े में श्रीवीर तेजाजी मंदिर परिसर में बुधवार को लाबिधाम आश्रम के महाराज श्रीसीताराम दास जी के मुख्य आतिथ्य में भामाशाह एवं समाजसेवी डॉ विकास जैफ की ओर से किए जा रहे नवनिर्मित हॉल का शिलान्यास, पौधा रोपण व परिंडा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्री सीताराम दास जी महाराज के सानिध्य में समाजसेवी डॉ विकास जैफ, मंदिर कमेटी अध्यक्ष रामजीलाल मीना एवं सरपंच बाबूलाल गठवाड़ी द्वारा हॉल के लिए पांच पत्थरों की पंडित प्रेम प्रकाश द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर वैदिक मंत्रोचार के बाद शिलान्यास किया गया। इस मौके पर समाजसेवी डॉ जैफ ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि भारतीय धार्मिक संस्कृति आज सन्तों के आशीर्वाद से जीवित है। श्री वीर तेजाजी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मीना ने बताया कि तेजाजी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा सवामणी व अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। परिसर में समाजसेवी डॉ विकास जैफ द्वारा हॉल निर्माण से धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए श्रद्धालुओं को सुविधा बढ़ेगी। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद परिसर में पौधा रोपण व बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। इस नेक कार्य के लिए मंदिर कमेटी एवं ग्रामीणों की ओर से समाजसेवी डॉ जैफ का आभार भी प्रकट किया गया। इस मौके पर क्रान्तिकारी हरफूल जाट, घासीराम, चौथूराम जाट, रामूराम, बाबूराम कुशालका, पांचूराम दौराता, रामकंवार मैनेजर, कजोड़, प्रभुदयाल, छोटूराम मीणा, बद्री नारायण, भैंरू, रोशन बराला आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**व्यक्ति खुद के नाम से लगाए एक पौधा**

हरित जमवारामगढ़ अभियान के दौरान मंदिर परिसर में डॉ विकास जैफ ने पौधा रोपण करते हुए कहा कि व्यक्ति को हर वर्ष वर्षा ऋतु में खुद के नाम का एक पौधा लगाना चाहिए। साथ ही उसकी लगातार देखरेख पर ध्यान देना चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा सके। मंदिर कमेटी के सदस्यों को मंदिर परिसर में लगाए गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी दी।

**बेजुबान पक्षियों की सेवा ही असली सेवा**

कार्यक्रम के दौरान डॉ विकास जैफ ने मंदिर परिसर में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे भी बान्धे। उन्होंने कहा कि बेजुबान पक्षियों की सेवा ही मानव की असली सेवा है। उन्होंने बताया कि गत माह भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए टीम द्वारा बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडा अभियान चलाकर जमवारामगढ़ विधानसभा की सभी 61 ग्राम पंचायतों में 601 परिंडे बांधे गए थे।

REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

19 जुलाई, 2024 **06**

# गठवाडी श्री वीर तेजाजी मंदिर परिसर में नवनिर्मित हॉल का किया शिलान्यास

गर्वित हिन्दुस्तान



**भानपुर कलां।** गठवाड़ी कस्बा स्थित तेजाजी मंदिर परिसर में लांबिधाम आश्रम के महाराज सीताराम दास के मुख्य आतिथ्य में भामाशाह एवं समाजसेवी डॉ विकास जैफ की ओर से करवाए जा रहे नवनिर्मित हॉल का शिलान्यास, पौधा रोपण व परिंडा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में सीताराम दास महाराज के सानिध्य में समाजसेवी डॉ जैफ, सरपंच बाबूलाल गठवाड़ी एवं श्री वीर तेजाजी मंदिर कमेटी के सदस्यों द्वारा हॉल के लिए पांच पत्थरों की पंडित प्रेम प्रकाश द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर वैदिक मंत्रोचार के बाद शिलान्यास किया गया। इस मौके पर समाजसेवी डॉ जैफ ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि भारतीय धार्मिक संस्कृति आज सन्तों के आशीर्वाद से जीवत है। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में हर व्यक्ति को एक पौधा खुद के नाम से लगाना चाहिए ताकि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सकें। श्री वीर तेजाजी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रामजीलाल मीना ने बताया कि तेजाजी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा सवामणी व अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। परिसर में डॉ जैफ द्वारा हॉल निर्माण से धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए श्रद्धालुओं के लिए सुविधा बढेगी। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद परिसर में पौधा रोपण व बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। इस मौके पर क्रान्तिकारी हरफूल जाट, घासीराम, चौथूराम जाट, रामूराम, बाबूराम कुशालका, पांचूराम दै... रामकंवार मैनेजर, कजोड़, प्रभु... छोटूराम मीणा, बद्री नारायण, भ..., रोशन बराला आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

6

## News Published in Mahila Diwas at various News Papers

बिलोद में महिला दिवस के उपलक्ष्य पर महिला सम्मान समारोह आयोजित

# महिलाएं एक–दूसरे की मदद कर कमजोर को अधिकारों के प्रति जागरूक करें: डॉ पिंकी मीना

**महिला दिवस पर करीब 125 आंगनबाडी कार्यकर्ता व एएनएम का किया गया सम्मान**





**जमवारामगढ़ (मृदुल पत्रिका)।** महिलाएं समाज में दोहरी भूमिकाएं निभाती है। इसलिए महिला सशक्तिकरण से ही समाज व राष्ट्र सशक्त हो सकता है। यह वक्तव्य गुरुवार को बिलोद में महिला दिवस के उपलक्ष्य पर डॉ विकास जैफ फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए भामाशाह व समाज सेवी डॉ पिंकी मीना ने अपने उद्बोधन में कहीं।उन्होंने कहा कि महिलाओं को एक-दूसरे की मदद कर कमजोर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जमवारामगढ़ सीडीपीओ उषा आचार्य, भानपुर कलां स्कूल प्रधानाचार्य कौशलेंद्र मीना, बासना स्कूल प्रधानाचार्य बीना कुमारी मीना ने कहा कि महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। फिर चाहे राजनीति हो या शिक्षा के क्षेत्र में आज अपना नाम रोशन कर रही है। जिसके कारण आधी आबादी आज बराबरी की बात कर रही है। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां शारदे के दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ममता मीना ने की। इस मौके पर डॉ विकास जैफ द्वारा भी सभी महिलाओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के दौरान फागोत्सव का आयोजन भी किया जिसमें महिलाओं ने एक दूसरे के गुलाल का तिलक लगाकर फागुन के गानों पर थिरकते एक-दूसरे के गले लगी। इस मौके पर कार्यक्रम में पहुंची करीब 8 ग्राम पंचायतों की आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, एएनएम,साथिन आदि को अतिथियों द्वारा मोमेंटो, शॉल व माला पहनाकर स्वागत किया गया। एमवीजीयू के बीसी डॉ मनोहर भट्ट व आंगनबाडी सुपरवाइजर सुमनसिंह द्वारा सभी आंगतुकों का आभार प्रकट किया गया। मंच संचालन डॉ योगेश यादव ने किया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य ममता मीना,साथिन सुपरवाइजर हेमलता मीना,आशा सुपरवाइजर विमला मीना, एएनएम अनिता पारीक,यशोदा पंवार,भावना श्रीवास्तव,ग्राम विकास अधिकारी पूजा सैनी, कैप्टन बीएस राघव, जगदीश केलावत,जिला परियोजना अधिकारी सुरेंद्र कुमार,पीआरओ बीएल शर्मा,ब्लॉक सुपरवाइजर मुकेश कुमार गुर्जर आदि सहित करीब 125 महिलाएं मौजूद थी।

पत्रिका

कार्यक्रम | चिमनपुरा कॉलेज में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

# शिक्षित बालिका दो परिवारों को संवारने का करती है काम




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



शाहपुरा के चिमनपुरा महाविद्यालय में उपस्थित संकाय सदस्य व विद्यार्थी।



ग्राम पंचायत बिलोद में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व महिलाएं।

**शाहपुरा.**शहर के बाबा भगवानदास महाविद्यालय में शुक्रवार को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.कविता जेन की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें अगले जन्म मोहे बिटिया ही कीजो की भावना से ओतप्रोत रचनाएं व मांडणा प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम संयोजिका डॉ.रजनी माथुर ने बताया कि प्राचार्य कविता जैन, डॉ.गिरिजा जोशी, डॉ.राजश्री गुप्ता, डॉ.माला अग्रवाल, डॉ.निशा, डॉ.एनएस नकेला ने महिला सशक्तिकरण को लेकर विचार व्यक्त किए। छात्रा काजल बुनकर ने कविता पाठ, पिंकी व सुहाना ने भाषण, निशा ने गीत के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति द्वारा महिला होने के प्रति गौरवान्वित होने की भावना उजागर की। कार्यक्रम में डॉ.कीर्ति सरभाई, डॉ.अनिता प्रशांत, डॉ.नीतू माथुर, डॉ.सुरक्षा, डॉ.सुमन कचौलिया, डॉ.सुशीला, गजेंद्र गुप्ता, डॉ.सुनील शर्मा, डॉ.वीके सिंह, डॉ.शालिनी ने बालिका शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षित बालिका दो परिवारों को संवारने का काम करती हैं। उन्होंने बताया कि मांडणा प्रतियोगिता में रेखा जाट, अनुष्का हरितवाल, मनीषा जाट, पूजा कुमावत व अनु ने भाग लिया। (कासं)

**गठवाड़ी.**ग्राम पंचायत बिलोद में गुरुवार को डॉ.विकाश जैफ फाउंडेशन की ओर से महिला दिवस कार्यक्रम में महिलाओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी व भामाशाह डॉ.पिंकी मीणा व बिलोद सरपंच ममता मीणा ने आंगनबाडी कार्यकर्ता, एएनएम सहित अन्य महिलाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में जमवारामगढ़ सीडीपीओ उषा आचार्य, भानपुरकलां स्कूल प्रधानाचार्य कोशलेन्द्र मीणा, बासना स्कूल प्रधानाचार्य बीनाकुमारी मीणा व ग्राम विकास अधिकारी पूजा सैनी ने विचार व्यक्त किए।(निसं)

### बेटी को बेटे के बराबर तरजीह देने की दी नसीहत



**ताला गांव.**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ताला गांव में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर लैंगिक समानता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजनीति शास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने लघु नाटक, भाषण, बैनर-पोस्टर आदि के जरिए बेटी को बेटे के बराबर तरजीह देने की नसीहत दी। चंदवाजी के निजी विश्वविद्यालय की राजनीति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.दीपाली सिंह ने मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य और संविधान द्वारा महिलाओं के लिए दिए विशेष अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नवकार, रोशन, निशा, हिमालया और आरती ने नाटक के जरिए बेटे और बेटी में फर्क न करने की नसीहत दी। पल्लवी चौधरी ने लैंगिक समानता पर विचार व्यक्त किए। राउमावि की नाजमीन, किरण सैनी और दिलशाद व अंकित बुनकर ने भी विचार व्यक्त किए। प्रधानाचार्य रामचन्द्र मीणा, विद्यालय प्रभारी मोजीराम मीणा, व्याख्याता कैलाशी मीणा, वीरेन्द्र हापावत, अनीता, रवि, पंकज, चन्द्रशेखर, बाबूलाल, कुलदीप, सरोज व डॉ.विकास देव छुरा आदि मौजूद रहे।

08/03/2024 | Kotputli | Page : 22
Source : https://epaper.patrika.com/

REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

# अनुशासन ही जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी: डॉ विकास जैफ

गर्वित हिन्दुस्तान



**भानपुर कलां।** दिल्ली रोड स्थित एमवीजीयू में हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में 14 सितम्बर से चल रहे कार्यक्रम में बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ विकास जैफ ने अनुशासन की महत्वता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अनुशासन ही किसी भी व्यक्ति के जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी है। डॉण् जैफ ने अपने संबोधन में कहा कि एक सफल व्यक्ति वही है, जो अपने जीवन में अनुशासन बनाए रखे। उन्होंने स्काउट और गाइड के प्रशिक्षण को एक अनुशासित जीवन जीने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही युवाओं को प्रेरित किया कि वे अपने लक्ष्य की ओर सही दिशा में अग्रसर होने के लिए अनुशासन का पालन करें। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण में उनकी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा और भविष्य में और अधिक ऊँचाइयों को छूने की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वाइस चांसलर डॉ मनोहर भट्ट ने कहा कि हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के माध्यम से बच्चों को न केवल जीवन कौशल सिखाए जाते हैं, बल्कि उनके भीतर अनुशासन और कर्तव्यपरायणता की भावना भी विकसित की जाती है। प्राचार्य डॉ विनोद कुमार उपाध्याय के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ जैफ के विचारों का समर्थन करते हुए कहा कि अनुशासन का पालन करना हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपनी जीवन यात्रा में अनुशासन को एक आदत बना लें और जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करें। इस कार्यक्रम ने ना केवल स्काउट और गाइड के प्रशिक्षुओं को प्रेरित किया, बल्कि अनुशासन की महत्वता को भी एक बार फिर उजागर किया। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में 14 सितम्बर से 20 सितम्बर तक कब फ्लॉक लीडर बेसिक कोर्स का जिला ऑर्गनाइजर द्वारा किया जा रहा है। जिसमें शिविर संचालक नकुल मीना के निर्देशन में हो रहा है। इस मौके पर जिला ऑर्गनाइजर रूपेश मीना, अजय कुमावत, रेंजर कल्पना मीना आदि सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

दैनिक **जयपुर टाइम्स**

epaper.jaipurtimes.org
07 Jan 2025 - Page 7

# बिलोद में मनोज व मुकेश स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में नटाटा टीम बनी चैम्पियन, एमएमसी बिलोद को हराया

जयपुर टाइम्स



**जमवारामगढ़(निसं.)।** ग्राम पंचायत बिलोद स्थित बाणगंगा नदी क्रिकेट मैदान पर चल रही मनोज व मुकेश स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता सोमवार को समाजसेवी डॉ. विकास जैफ के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में नटाटा टीम ने एमएमसी बिलोद को हराकर चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया। समापन कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. विकास जैफ ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास और मेहनत सबसे महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है, साथ ही आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना भी बढ़ती है। डॉ. जैफ ने बच्चों को सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभावों से बचने की सलाह दी और बताया कि बच्चे अगर सोशल मीडिया की बजाय खेलों में रुचि लें तो उनका समग्र विकास हो सकता है। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में छिपी हुई खेल प्रतिभाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अक्सर गांवों में खेल प्रतिभाओं को उचित अवसर नहीं मिलते, लेकिन ऐसे अवसरों से इन बच्चों का भविष्य संवर सकता है। समारोह में आयोजकों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उनके योगदान को सराहा। मुख्य अतिथि डॉ जैफ द्वारा प्रतियोगिता में विजेता रही नटाटा टीम को 31,000 रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता रही एमएमसी बिलोद टीम को 15,000 रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान कर शुभकामनाएं दी। समारोह में फूलचंद टीबाला, जयराम मीणा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बनवारी कसौटियां, हरिनारायण, गुल्ला राम, कैप्टन वीएस राघव, जनसंपर्क अधिकारी बीएल कांकरेलिया, अनूप यादव, छीतर गुरुजी, प्रभुदयाल मीना, बद्री मिट्ठया, अशोक, चिमनलाल गुर्जर आदि ग्रामीण और खिलाड़ी मौजूद थे। समाज सेवी डॉ. जैफ ने प्रतापगढ़ की नन्हीं क्रिकेट खिलाड़ी सुशीला मीना का उदाहरण दिया, जो अपनी क्रिकेट प्रतिभा से पूरे देश में चर्चा का विषय बनीं। उन्होंने कहा, "सुशीला मीना ने यह साबित कर दिया है कि यदि अवसर मिलें तो ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी खेल जगत में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकती हैं।" उन्होंने आयोजकों से अपील की कि युवाओं के लिए आयोजित की जाने वाली क्रिकेट प्रतियोगिताओं की तरह ही गांवों में युवतियों के लिए खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएं ताकि उन्हें भी आगे बढ़ने का मौका मिल सके। प्रतियोगिता आयोजक ख्याली राम मीना ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसम्बर को शुभारंभ किया गया था, जिसमें कुल 58 टीमों ने हिस्सा लिया।

REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

क मृदुल पत्रिका | राजस्थान | मंगलवार, 17 http://mr

युवाओं के जज्बे को सलामः टोडा मीना में पहाड़ी पर 8 दिन से घायल पड़ी थी गाय

# युवाओं ने गाय को खाट पर 250 फीट ऊंची पहाड़ी से नीचे उतारा, नेक कार्य की सराहना

**जमवारामगढ़ (रतनलाल गुर्जर/ मृदुल पत्रिका)।** उपखण्ड क्षेत्र के टोडा मीना की पहाड़ी में एक पालतू गाय पिछले 8 दिनों से घायल अवस्था में पड़ी थी। जिसको गांव के युवाओं ने अपने दूसरे प्रयास में घायल गाय को अपने पारम्परिक जुगाड़ से करीब 250 फीट ऊंचाई पर दुर्गम पहाड़ी से नीचे उतारा गया। अब पशुपालक व युवा उसकी सेवा में लगा है ताकि एक घायल जीव को बचाया जा सके।

छगन प्रजापत ने बताया कि टोडा मीना निवासी पशुपालक मिट्ठूलाल योगी की गाय 8 दिन पहले हमेशा की तरह पहाड़ी पर चरने गई एक गाय शाम को पशु बाड़े में नहीं पहुंची। ऐसे में पशुपालक योगी की चिंता लाजमी थी।

उसने दो दिन तक गुमशुदा गाय के बारे में पूछताछ की। तभी एक ग्वाले जानकारी देते हुए बताया कि दो दिन से पहाड़ी पर एक गाय पड़ी हुई है। ऐसे में पशु पालक ने पहाड़ी पर जाकर देखा तो बरसात के चलते गाय पहाड़ी पर एक टीले से फिसलकर चोटिल हो चुकी थी। गाय की पीछे की टांग में फ्रेक्चर हो गया जिसके कारण उठ व चल नहीं पा रही थी। लगातार बरसात के कारण एक जगह पड़ी होने से चमड़ी भी गलने लगी थी। पहाड़ी ऊंची व दुर्गम होने से किसी प्रकार का वाहन भी नहीं जा सकता था। लेकिन युवाओं के नेक इरादों से दूसरे प्रयास में घायल गाय को पहाड़ी से नीचे उतारने में सफल रहे।



इस नेक कार्य में सुगलराम, बंशी प्रजापत, राज बनवारी जागा, शंकर सामरिया, सुरेश कुमार मीना, राजूलाल मीना आदि सहित करीब 25 युवाओं ने घायल गाय को पहाड़ी से उतरवाने में मदद की।

**देशी जुगाड़ से दूसरे प्रयास में हुए सफल**

पशुपालक योगी ने युवाओं से घायल गाय को पहाड़ी से नीचे उतरवाने के लिए मदद मांगी। हालांकि युवा भी मदद के लिए आगे बढे, लेकिन उनका प्रयास विफल रहा। गाय की यह गंभीर स्थिति स्थानीय युवाओं के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई, जिसने उनके गौ सेवा के जज्बे को साबित कर दिया। फिर भी युवाओं ने हिम्मत नहीं हारी और गाय को 250 फीट ऊंची पहाड़ी से नीचे लाने के लिए एक अद्वितीय योजना बनाई। उन्होंने गांव के पारंपरिक तरीका अपनाकर घायल गाय को खाट पर लेटाकर रस्सी बांधा ताकि गाय उठने का प्रयास नहीं करे। फिर युवाओं ने अपने कंधे के सहारे खांट को रखकर घायल गाय को करीब एक किमी पैदल चलकर सावधानीपूर्वक दुर्गम पहाड़ी से उतारा। इस काम को अंजाम देने में उन्हें कठिनाइयों का सामना करते हुए करीब 2 घण्टे का समय लगा, लेकिन लोगों के संकल्प और समर्पण ने यह सब संभव बना दिया। पशुपालक द्वारा पशु चिकित्सक से घायल गाय का उपचार करवाया जा रहा है।

**हमेशा बेजुबान पशु-पक्षियों की मदद के लिए तत्पर रहना चाहिएः समाजसेवी डॉ जैफ**

इधर, समाज सेवी डॉ विकास जैफ ने कहा कि इस घटना ने टोडा मीना के गांव वासियों की गौ सेवा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता को उजागर किया है। उन्होंने ना केवल अपनी मेहनत और संसाधनों का उपयोग किया, बल्कि एक घायल जानवर के प्रति अपनी दयालुता और जिम्मेदारी का भी परिचय दिया। जो बहुत ही सराहनीय कार्य है।

युवाओं के इस प्रयास से एक सीख मिलती है कि मनुष्य को हमेशा बेजुबान पशु पक्षियों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

**6. विधालयों, महाविधालियों, कोचिंग संस्थानों में "Swachhata Hi Seva Campaign-2024" कार्यशालाओं ईनामी प्रतियोगिताओं व शपथ ग्रहण का कार्यकम :–**

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शहर के उच्च माध्यमिक विद्यालय, महाविधालय व कोचिंग संस्थानों में युवाओं को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित करने के लिए जन जागृति कार्यशालाओं का आयोजन किया गया व संवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विधार्थियों को नशा ना करने की शपथ दिलाई गई।

**Organized "Swachhata Hi Seva Campaign-2024" in Schools, Colleges and Coaching Institutes:**

A People Awareness Workshop and Debate Competition Programme was organized under "**Swachhata Hi Seva Campaign-2024**" in different Schools, Colleges and Coaching Centers related to Swachh and its impact on health. During this occasion, students have taken oath against Swachh. Institute organized Swachh Bharat Abhiyan on the theme "**Swachhata Hi Seva Campaign-2024"** in collaboration with the Study Point Institute, Kukas. A rally along with the students of Study Point Institute were also organized by the student of University and Study Point Institute aware the villagers including the shopkeepers about the cleanliness and its benefits. After rally, all the students visited the Panchayat Samiti, Kukas and there they have cleaned office and the surrounding areas of the Panchayat Samiti.







REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur










REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur

# END OF COMMUNITY PROMOTIONAL ACTIVITIES REPORT

# ACADEMIC SESSION 2024-25

REGISTRAR
Maharaj Vinayak Global University
Jaipur